# कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक
# समग्र शिक्षा जिला – मोहला मानपुर अं.चौकी (छ.ग.) 491666

//विज्ञापन//

कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पेन्दाकोड़ो में **लेखापाल (संविदा)** के रिक्त पद पर **भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित करने विज्ञापन।**

जिला मोहला मानपुर अं. चौकी में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, पेंदाकोडो, विकासखण्ड मोहला, जिला – मोहला मानपुर अं.चौकी के विभिन्न शैक्षणिक/गैर शैक्षणिक पदों पर लेखापाल (संविदा) 01 पद पर उम्मीदवार की नियुक्ति के लिए जिले के मूल निवासी, योग्यताधारी केवल महिला आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में अपने समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों, संपूर्ण अर्हता एवं अनुभव आदि के साथ आवेदन पत्र पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से **जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, मोहला जिला – मोहला मानपुर अं.चौकी, (छ.ग.) पिन कोड 491666** में दिनांक 07.07.2025 दिन – सोमवार सायं 05:30 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। अन्य माध्यम से प्राप्त आवेदन तथा निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त आवेदन मान्य नहीं होंगे। रिक्त पद एवं शैक्षणिक योग्यता संबंधित जानकारी विज्ञापन में दर्शित है। भर्ती संबंधित संपूर्ण जानकारी के लिए कार्यालय कलेक्टर जिला – मोहला मानपुर अं.चौकी की वेबसाईट **https://mohla-manpur-ambagarhchowki.cg.gov.in** पर देखा जा सकता है।

जिला शिक्षा अधिकारी पदेन सचिव
समग्र शिक्षा जिला – मोहला मानपुर अं.चौकी

# कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक
# समग्र शिक्षा जिला – मोहला मानपुर अं.चौकी (छ.ग.) 491666

//विज्ञापन//

क्रमांक/1785/KGBV/अस्थायी भर्ती/2025 मोहला,दिनांक 20.06.2025
25.06.2025

जिला मोहला मानपुर अं.चौकी में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, पेंदाकोडो वि.ख. मोहला में विभिन्न शैक्षणिक/ गैर शैक्षणिक के रिक्त पद पर लेखापाल (संविदा) नियुक्ति हेतु केवल जिला मोहला मानपुर अं.चौकी के मूल निवासी, योग्यताधारी महिला आवेदकों से ही आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

विज्ञापित पद का विवरण

| क्र. | पद का नाम | विषय / रिक्त पद /आरक्षण | मानदेय प्रतिमाह एकमुश्त | न्यूनतम योग्यता | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लेखापाल संविदा | वाणिज्य 01पद अनारक्षित | 21500/– | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत (अजजा एवं अजा हेतु 50 प्रतिशत) अंको के साथ स्नातक उत्तीर्ण एवं कम्प्यूटर में PGDCA/DCA/TALLY अनिवार्य होगा। | अनुभव के वर्षों के आधार पर निम्नानुसार अतिरिक्त अंक देय होंगे – प्रत्येक वर्ष हेतु 2 अंक अधिकतम 10 अंक। |

**विज्ञापित पदो पर चयन का आधार विभिन्न परीक्षाओं के शैक्षणिक एवं व्यवसायिक योग्यताओं के कुल प्राप्तांक के आधार पर होगा।**

**मेरिट सूची बनाने हेतु 100 प्रतिशत प्राप्तांकों का वेटेज का आधार :–**

| क्र. | पदनाम | विषय | 12वीं में प्राप्त प्रतिशत पर | स्नातक में प्राप्त प्रतिशत पर | कम्प्यूटर ज्ञान (PGDCA / DCA/TALLY) | अनुभव | कम्प्यूटर कौशल परीक्षा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लेखापाल संविदा | वाणिज्य | 20 प्रतिशत | 50 प्रतिशत | 10 प्रतिशत | प्रत्येक वर्ष हेतु 2 अंक अधिकतम 10 अंक | 10 प्रतिशत |

**निम्नलिखित दस्तावेजों की स्व प्रमाणित प्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा**

(1). 10वीं की अंकसूची, (2). 12वीं की अंकसूची, (3). स्नातक की अंकसूची, (4) जाति प्रमाण पत्र, (5). मूल निवास प्रमाण पत्र, (6). अनुभव प्रमाण पत्र, (7). आधार कार्ड, (8). मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर डिग्री/ डिप्लोमा का प्रमाण पत्र ।

**टीप :– कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, पेंदाकोडो में रिक्त 01 पद पर लेखापाल (संविदा) हेतु 07 जुलाई 2025 दिन – सोमवार तक प्राप्त आवेदनों की 10 जुलाई 2025 दिन – गुरुवार तक स्कूटनी पश्चात पात्र/अपात्र सूची प्रकाशित कर, 14 जुलाई 2025 सोमवार तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया जावेगा । 15 जुलाई 2025 मंगलवार को 01 पद के विरुद्ध 05 अभ्यर्थियों की मेरिट सूची बनाकर दिनांक 16 जुलाई 2025 दिन – बुधवार को कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जावेगा । 18 जुलाई 2025 दिन शुक्रवार को अंतिम चयन सूची जारी की जावेगी ।**

**नियम एवं शर्ते–**

**नियम एवं शर्तें–**

1. केवल जिला – मोहला–मानपुर–अं.चौकी छ.ग. के मूल निवासी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे । सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। सभी आवेदक महिला अभ्यर्थी होंगे ।
2. विज्ञापित पद हेतु आवेदकों को निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के समस्त दस्तावेजों की सत्यापित छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है। साथ ही चयन प्रक्रिया के दौरान मूलदस्तावेज मिलान हेतु अनिवार्य रूप से साथ लावें।
3. लेखापाल (संविदा)कर्मचारी को प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय देय होगा। इसके अतिरिक्त अन्य कोई भत्ता, सुविधा, परिलब्धियां देय नहीं होगी। अनुपस्थिति की स्थिति में अनुपातिक कटौती की जावेगी। प्रतिवर्ष 31 मार्च की स्थिति में समिति/ नियोक्ता द्वारा संबंधित कर्मचारी का कार्य निष्पादन मूल्यांकन किया जावेगा तथा उपयुक्तता के आधार पर कार्य अवधि में वृध्दि की जा सकती है।
4. उक्त समस्त भर्ती हेतु आयु की गणना 01जनवरी 2025 की स्थिति में न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष अनिवार्य है। क्रमांक 1 पद हेतु हाईस्कूल सर्टिफिकेट अंकसूची से जन्मतिथि की पुष्टि की जावेगी।
5. यदि कोई पद प्रतिनियुक्ति/नियुक्ति से भर जाता है तो इस पद को समाप्त कर दिया जावेगा। साथ ही सूचना देकर कर्मचारी को कार्य से कभी भी पृथक किया जा सकताहै।
6. चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी नियुक्त अभ्यर्थी विज्ञापन में उल्लेखित एकमुश्त मानदेय के अतिरिक्त स्थायीकरण, नियमितीकरण, संविलियन, पेंशन अन्य कोई सेवा लाभ प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा और न ही इस संबंध में कोई दावा विचारणीय होगा।
7. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किया जावेगा। अमान्य आवेदनों के संबंध में पृथक से कोई सूचना नहीं दी जावेगी ।
8. विज्ञापित पद पर आवेदकों की शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यता का प्रमाण पत्र शासन द्वारा मान्यता प्राप्त बोर्ड/विश्व विद्यालय द्वारा जारी किया गया हो।
9. चयनित संविदा कर्मचारी द्वारा नियुक्ति उपरांत कदाचरण, अनुशासनहीनता में लिप्त होने पर नियुक्ति प्राधिकारी के द्वारा सुनवाई का अवसर देते हुए संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी ।
10. उपरोक्त पद पूर्णतः अस्थायी होंगे। कार्य एवं व्यवहार समिति के अनुरूप नहीं पाए जाने पर किसी भी समय सेवा से पृथक किया जावेगा।
11. किसी भी परिस्थिति में समान अंक होने पर अधिक उम्र के आवेदक का चयन किया जावेगा ।
12. कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, पेंदाकोडो के रिक्त पद पर लेखापाल (संविदा) भर्ती एक अंतरिम व्यवस्था है। जो शासन के निर्देशानुसार अधिनियमित रहेगा।
13. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में कलेक्टर जिला–मोहला–मानपुर–अं.चौकी का निर्णय अंतिम होगा।
14. संविदा नियुक्ति शासन द्वारा जारी छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति नियम 2012) में निहित शर्तो के अनुसार की जावेगी।
15. परिस्थितिवश एवं आवश्यकता अनुसार विज्ञापित पद की संख्या में कमी या वृद्धि अथवा विज्ञप्ति का पूर्ण भाग/ आंशिक भाग निरस्त किया जा सकता है।
16. संविदा अवधि के दौरान दोनो पक्षो में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

17. ऐसे आवेदक जिन्हें पूर्व में अनियमितता के आधार पर किसी पद से पृथक किया गया हो अथवा उनकी संविदा सेवा वृद्धि नही की गई हो, वे चयन के लिये पात्र नही होगें। गलत जानकारी दिये जाने पर उम्मीदवारी स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।
18. सर्वोच्च अंक अर्जित करने वाले अभ्यर्थी चयन हेतु पात्र होगें। पांच आवेदको को प्रतीक्षा सूची में रखा जावेगा एवं भविष्य में पद रिक्त होता है तो उसे प्रतीक्षा सूची से भरा जावेगा।
19. लेखापाल हेतु अनुभव अंक के लिये अनुभव प्रमाण पत्र के साथ नियुक्ति आदेश की छायाप्रति एवं वेतन पर्ची संलग्न करना अनिवार्य है। वर्तमान में कार्यरत होने की स्थिति में नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न किया जावे तथा यदि वर्तमान में कार्यरत नही है तो सेवा समाप्ति के कारण का नियोक्ता से प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जावे। वांछित दस्तावेज प्रस्तुत नही किये जाने पर अनुभव अंक प्रदान नही किया जावेगा।
20. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा, जिसकी पृथक से कोई सूचना नही दी जावेगी।
21. आवेदक जिसने विवाह के लिये निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति हेतु पात्र नही होगा।
22. विज्ञापन आमंत्रण का आशय यह नहीं है कि उक्त पदों पर नियुक्ति बाध्यकारी होगी।
23. संविदा अवधि में छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति नियम 2012) के तहत अवकाश की पात्रता होगी।

## आवेदन करने हेतु अनुदेशः–

1. निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र बंद लिफाफे में केवल पंजीकृत डाक/ स्पीड पोष्ट से कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला– मोहला–मानपुर–अं.चौकी छ.ग. पिन 491666 के नाम से दिनांक 07 जुलाई 2025 दिन – सोमवार तक कार्यालयीन समय सायं 05.30 बजे तक अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिए। निर्धारित समय सीमा पश्चात प्राप्त आवेदनो पर विचार नही किया जावेगा। व्यक्तिगत रूप से सीधे आवेदन अथवा ईमेल अथवा अन्य इलेक्ट्रानिक माध्यम से आवेदन स्वीकार नही किया जावेगा।
2. आवेदक द्वारा आवेदन हेतु समस्त आवश्यक दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जाना आवश्यक है।
3. यह नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक एफ–9–1/2012/1–3 दिनांक 31 दिसम्बर 2012 के अनुसार संविदा नियुक्ति के संबंध में समस्त शर्तें लागू होगी।
4. लिफाफे के ऊपर पदनाम जिसके लिए आवेदन किया जा रहा है का स्पष्ट उल्लेख किया जावें अन्यथा आवेदन निरस्त किया जा सकता है।
5. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 से शासित होगें।
6. एक पद के लिए एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत किये जाने की दशा में आवेदक द्वारा प्रेषित अंतिम आवेदन ही मान्य होगा।
7. आवेदन पत्र के साथ 5रू. की डाक टिकट लगे हुए 2 लिफाफे जिसमें आवेदक के पत्र व्यवहार का पूर्ण पता लिखा हुआ हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
8. किसी भी विवाद की स्थिति में कलेक्टर जिला– मोहला–मानपुर–अं.चौकी का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

9. यदि प्राप्त आवेदन पत्रो की संख्या अधिक होती है तो उच्चतर योग्यता के आधार पर चयनित किये जाने वाले उम्मीदवारो की संख्या सीमित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।

10.अभ्यर्थी / आवेदक, जानकारी के लिए कार्यालय कलेक्टर जिला मोहला मानपुर अं.चौकी के वेबसाईट् **https://mohla-manpur-ambagarhchowki.cg.gov.in** का नियमित अवलोकन करते रहेंगे। भविष्य में जारी होने वाले आदेश/निर्देश भी जिले के इसी वेबसाईट पर अपलोड किये जायेगें। पृथक से कोई व्यक्तिगत सूचना जारी नही की जावेगी।

जिला शिक्षा अधिकारी सचिव
समग्र शिक्षा जिला - मोहला मानपुर अं.चौकी

पृ.कमांक/1786/KGBV/अस्थायी भर्ती/2025 मोहला,दिनांक 20.06.2025
25.06.2025

प्रतिलिपि :-

1. प्रबंध संचालक, समग्र शिक्षा रायपुर छ.ग. की ओर सादर सूचनार्थ संप्रेषित ।
2. संयुक्त संचालक लोक शिक्षण शिक्षा संभाग दुर्ग की ओर सूचनार्थ संप्रेषित ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जिला- मोहला-मानपुर-अं.चौकी को सूचनार्थ संप्रेषित।
4. जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी को सूचनार्थ ।
5. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मोहला/मानपुर को सूचनार्थ ।
6. जिला सूचना अधिकारी जिला- मोहला-मानपुर-अं.चौकी को सूचनार्थ कर लेख है कि जिला- मोहला-मानपुर-अं.चौकी के वेबसाईट में अपलोड करने हेतु।
7. जिला जनसंपर्क अधिकारी जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी छ.ग. को सूचनार्थ कर लेख हे कि दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
8.. जिला रोजगार अधिकारी जिला- मोहला-मानपुर-अं.चौकी को सूचनार्थ एवं सूचना पटल में चस्पा हेतु।

जिला शिक्षा अधिकारी सचिव
समग्र शिक्षा जिला - मोहला मानपुर अं.चौकी

# लेखापाल (संविदा) पद हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

**आवेदित पद का नाम :-........................ वर्ग....................**

**प्रति,**

**जिला शिक्षा अधिकारी**

जिला – मोहला–मानपुर–अं.चौकी (छ.ग.)

| स्वप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो चस्पा करें |
|---|

**(आवेदक द्वारा भरा जावेगा)**

1. आवेदक का नाम (हिन्दी) :– ........................................................................................

   (अंग्रेजी) :– ........................................................................................

2. पिता / पति का नाम (हिन्दी) श्री :– ........................................................................................

   (अंग्रेजी) :– ........................................................................................

3. लिग (महिला) :– ........................................................................................

4. आवेदक की जन्म तिथि (अंकों में) :– ........................................................................................

   (शब्दो में) :– ........................................................................................

5. जाति / वर्ग (अजजा / अजा / अपिव / अना.) :– ........................................................................................

6. 01.01.2025 की स्थिति में आयु :– वर्ष...........................................माह..................दिन.....................

7. पत्र व्यवहार का पूर्ण पता :– ........................................................................................

   ........................................................................................

   ........................................................................................

8. स्थायी पता :– ........................................................................................

   ........................................................................................

   ........................................................................................

9. मोबाइल नंबर :– ........................................................................................

10. क्या आप मोहला–मानपुर–अं.चौकी जिले के मूल निवासी है । (हां / नहीं) (निवास प्रमाण पत्र संलग्न करें) :– ........................................................................................

11. आधार कार्ड क्रमांक :– ........................................................................................

कमशः पृष्ठ 02 पर

12. शैक्षणिक योग्यता

| क्रं. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड/ वि.वि. का नाम | उत्तीर्ण विषय | विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | |
| 6 | | | | | | | | |

13. आवेदित पद के अनुरूप कम से कम समान वेतनमान पर कार्य अनुभव संबंधी विवरण :-

| पद का नाम | कार्यालय का नाम एवं पता | अनुभव प्रमाण पत्र क्रमांक एवं दिनांक | कार्यरत अवधि |
|---|---|---|---|
| | | | दिनांक ................................से<br>दिनांक ................................तक<br>कुल वर्ष ................................कुल माह................................ |

14. संलग्न स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र का विवरण :- ....................................................................................

1. ....................................................................... 5. ...............................................................................
2. ....................................................................... 6. ...............................................................................
3. ....................................................................... 7. ...............................................................................
4. ....................................................................... 8. ...............................................................................

आवेदिका का हस्ताक्षर

पूरा नाम................................................

**घोषणा पत्र**

मै एतद् द्वारा घोषणा करती हूँ कि मैने विज्ञापित पात्रता शर्तो को पढ लिया गया है । जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास है, इस आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियां पूर्ण और सत्य है । त्रुटिपूर्ण/अपूर्ण अथवा असत्य जानकारी प्रस्तुत करने पर नियमानुसार मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगी । गलत जानकारी प्रस्तुत करने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जावेगा तथा चयन/नियुक्ति बिना नोटिस के निरस्त की जावेगी ।

स्थान :- ..............................................

दिनांक :- ..............................................

आवेदिका का हस्ताक्षर

पूरा नाम................................................